# शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली
## अभ्यास प्रश्न-पत्र
## सत्र: 2024-25
## कक्षा: नवमी
## विषय: हिंदी-अ (कोड 002)

**अवधि : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

निम्नलिखित निर्देशों को पढ़कर उनका पालन कीजिए :

- इस प्रश्न पत्र में कुल 15 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- इस प्रश्न पत्र में कुल चार खंड हैं- क, ख, ग, घ।
- खंड-क में कुल 2 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 10 है।
- खंड-ख में कुल 4 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 20 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 16 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- खंड-ग में कुल 5 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 20 है।
- खंड-घ में कुल 4 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।

### खंड-क
**(अपठित बोध)** **(14 अंक)**

**प्रश्न 1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए: (7)

कबीर हिंदी साहित्य के भक्तिकाल के संत कवि थे। कबीर के जन्म और मृत्यु के बारे में अनेक किंवदंतियाँ प्रचलित हैं। ऐसा माना जाता है कि सन् 1398 में काशी में उनका जन्म हुआ और सन् 1518 के आसपास मगहर में देहांत हुआ। उनके माता-पिता का नाम क्रमश: नीमा और नीरू था। कबीर ने विधिवत शिक्षा नहीं पाई थी परंतु सत्संग, पर्यटन, अवलोकन और अनुभव से उन्होंने ज्ञान प्राप्त किया। उन्होंने अपने गुरु के रूप में गुरु रामानंद को चुना और उनसे गुरुमंत्र के रूप में 'राम' नाम को ग्रहण किया। कबीर के ईश्वर, निर्गुण राम थे। वे बुनाई का कार्य करके जीवन निर्वाह करते थे। कबीर अत्यंत उदार, निर्भय, तथा सद्गृहस्थ संत थे। उनकी पत्नी का नाम 'लोई' था। उन्होंने अपनी रचनाओं में पाखंड, भेदभाव और कर्मकांड का खंडन किया। कबीर का दर्शन निर्गुण ईश्वर, ज्ञान, वैराग्य, गुरु के महत्त्व, सत्संग, जगतबोध और आत्मबोध के प्रति जागरूकता पर आधारित है। कबीर ने अपनी रचनाओं में धर्मों के

बीच अंतर को नकारा और सभी धर्मों के अनुयायियों से एकता के साथ रहने का आह्वाहन किया। कबीर ने कहा कि ईश्वर एक है और सभी जीवों में विद्यमान है। कबीर ने अपनी रचनाओं में समाज में व्याप्त कुरीतियों और धर्मों के ढोंग की कड़ी आलोचना की। उनकी रचनाएँ मनुष्य को अपने जीवन में परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित करती हैं। कबीर की भाषा की सहजता उनके काव्य की लोकप्रियता का आधार है। उनकी भाषा को 'सधुक्कड़ी' और 'पँचमेल खिचड़ी' कहा जाता है। उनकी रचनाओं में दोहे, साखी, सबद और रमैनी शामिल हैं। उनकी मृत्यु के पश्चात उनके प्रिय शिष्य धर्मदास ने उनकी रचनाओं को संकलित करके 'कबीर बीजक' नामक पुस्तक में प्रकाशित किया।

(क) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए: (1)

कथन (A) : भक्तिकाल के संत कवि कबीर एक निर्गुण भक्त कवि थे।

कारण (R) : कबीर के अनुसार ईश्वर निराकार है और वह सभी जीवों में विद्यमान है।

I. कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है।
II. कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
III. कथन (A) सही है और कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या है।
IV. कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(ख) कबीर की रचनाओं में आलोचना की गई है- (1)

कथन के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए-

I. धार्मिक आडंबरों की
II. परस्पर भेदभाव की
III. धार्मिक कर्मकांडों की
IV. धार्मिक सुधारों की

विकल्प -

i. कथन I और II सही है।
ii. कथन III और IV सही है।
iii. कथन I, II और III सही है।
iv. कथन I, III और IV सही है।

(ग) नीचे दिए हुए कॉलम 1 को कॉलम 2 से सुमेलित कर सही विकल्प का चयन कीजिए-(1)

| कॉलम 1 | कॉलम 2 |
|---|---|
| I - कबीर का शिष्य | 1 - रामानंद |
| II - कबीर की माता | 2 - धर्मदास |
| III - कबीर के गुरु | 3 - नीमा |

i. I-(1) II-(2) III-(3)
ii. I-(2) II-(3) III-(1)
iii. I-(2) II-(1) III-(3)
iv. I-(3) II-(2) III-(1)

(घ) कबीर द्वारा समाज में प्रचलित किन दो बुराइयों का विरोध किया गया था? (2)

(ङ) कबीर के स्वभाव की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। (2)

**प्रश्न 2.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (7)

मज़बूत इरादों के पंख लेकर, बस निकल पड़ो
जो तुम्हें रोकने का दुःसाहस करे, उससे लड़ो
हर पल नई सीमाएँ तोड़ो, स्थापित नए कीर्तिमान करो
पाँव की बेड़ियों को तोड़ दो, डर को पीछे छोड़ दो
यह भी तुम्हारे बस में है कि हवाओं का रुख मोड़ दो
लोगों के सवालों से यूँ न घबराओ
जीतना चाहते हो तो, चलते चले जाओ
ऐसा कब हुआ कि जीत और हार में ठनी नहीं
इस कायनात को अपनी जीत के लिए मजबूर करो
जो आज नहीं हुआ, कल हो जाएगा
आज किसी और का दिन था, कल तुम्हारा ज़रूर आएगा
जब सपनों का पीछा करते यहाँ तक आ ही गए
तो इन्हें अधूरा छोड़कर, क्या तुमसे लौटा जाएगा
माना मुश्किल है,पर थोड़ा सब्र और करो
ये हौंसलों की उड़ान है, दूर तक भरो।

**(क)** कविता में 'पाँव की बेड़ियों' का क्या अर्थ है? (1)

i. शारीरिक बंधन
ii. मानसिक बंधन
iii. सामाजिक बंधन
iv. आर्थिक बंधन

**(ख)** कविता का मुख्य संदेश क्या है? उचित विकल्प का चयन कीजिए- (1)

I. जीवन में हार न मानना
II. संघर्ष और हौसले से जीतना
III. सवालों से घबराना
IV. कठिन लक्ष्य बदल देना

विकल्प-

i. कथन I और II सही हैं।
ii. कथन I,II और IV सही हैं।
iii. केवल कथन III सही है।
iv. कथन I, III और IV सही हैं।

**(ग)** कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए: (1)

कथन (A) : मनुष्य को हौसला रखकर संघर्ष करते हुए आगे बढ़ना चाहिए।
कारण (R) : जीवन में प्रत्येक कार्य सरल और बाधा-मुक्त नहीं हो सकता।

i. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
ii. कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है ।
iii. कथन (A) सही है और कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या है।
iv. कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं ।

**(घ)** काव्यांश के अनुसार लक्ष्य प्राप्ति के लिए मनुष्य में किन दो विशेषताओं का होना ज़रूरी है? (2)

(ङ) काव्यांश के अनुसार डर और असफलता को कैसे देखना चाहिए? (2)

**खंड-ख**

**(व्यावहारिक व्याकरण)** **(16 अंक)**

**प्रश्न 3.** निर्देशानुसार 'उपसर्ग और प्रत्यय' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए: (4X1=4)

(क) 'पराक्रम' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग पहचानकर लिखिए। (1)

(ख) 'निर्' उपसर्ग से निर्मित एक शब्द लिखिए। (1)

(ग) 'ऐतिहासिक' शब्द में प्रयुक्त मूल शब्द पहचानकर लिखिए। (1)

(घ) 'चमकीला' शब्द में निहित प्रत्यय पहचानकर कर लिखिए। (1)

(ङ) 'दार' प्रत्यय से एक शब्द बनाइए। (1)

**प्रश्न 4**. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (4X1=4)

(क) 'नवरात्रि' समस्तपद का समास विग्रह लिखिए। (1)

(ख) 'प्रतिवर्ष' शब्द में निहित समास का भेद लिखिए। (1)

(ग) जहाँ पूर्वपद विशेषण और उत्तर पद विशेष्य हो, वह समास क्या कहलाता है? (1)

(घ) बहुव्रीहि समास का एक उदाहरण लिखिए। (1)

(ङ) 'पंचवटी' शब्द में निहित समास का भेद लिखिए। (1)

**प्रश्न 5.** निर्देशानुसार 'अर्थ के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (4X1=4)

(क) गया पराये बैलों पर अधिक खर्च नहीं करना चाहता था। (वाक्य-भेद लिखिए) (1)

(ख) बालसभा ने बैलों का खूब स्वागत किया। (वाक्य-भेद लिखिए) (1)

(ग) शायद लेखक का घोड़ा भटक गया था। (वाक्य-भेद लिखिए) (1)

(घ) जिन वाक्यों में एक क्रिया के दूसरी क्रिया पर निर्भर होने का बोध हो, वहाँ अर्थ की दृष्टि से वाक्य का कौन-सा भेद होता है? (1)

(ङ) 'इच्छावाचक' वाक्य का एक उदाहरण लिखिए। (1)

**प्रश्न 6**. निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों की रेखांकित काव्य पंक्तियों में अलंकार पहचान कर लिखिए : (4X1=4)

(क) निरपख होइ के हरि भजै, सोई संत सुजान। (1)

(ख) देखि सुदामा की दीन दसा, करुना करिकै करुनानिधि रोए। (1)

(ग) तीन बेर खाती थी, वो तीन बेर खाती है। (1)

(घ) सुबरन को खोजत फिरत कवि, व्यभिचारी, चोर। (1)

(ङ) शीतलता पाना आग से और जल से जल जाना। (1)

## खंड-ग

**(पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक) (30 अंक)**

**प्रश्न 7.** निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर विकल्प चुनकर लिखिए: (5X1=5)

विज्ञापन और प्रसार के सूक्ष्म तंत्र हमारी मानसिकता बदल रहे हैं। इस दिखावे की संस्कृति के फैलाव का परिणाम क्या होगा? यह गंभीर चिंता का विषय है। हमारे सीमित संसाधनों का घोर अपव्यय हो रहा है। जीवन की गुणवत्ता आलू के चिप्स से नहीं सुधरती। न बहुविज्ञापित शीतल पेयों से। भले ही वे अंतर्राष्ट्रीय हों। पीज्जा और बर्गर कितने ही आधुनिक हों, हैं वे कूड़ा खाद्य। समाज में वर्गों की दूरी बढ़ रही है, सामाजिक सरोकारों में कमी आ रही है। जीवन स्तर का यह बढ़ता अंतर आक्रोश और अशांति को जन्म दे रहा है। जैसे-जैसे दिखावे की यह संस्कृति फैलेगी, सामाजिक अशांति भी बढ़ेगी। हमारी सांस्कृतिक अस्मिता का ह्रास तो हो ही रहा है, हम लक्ष्य-भ्रम से भी पीड़ित हैं। विकास के विराट उद्देश्य पीछे हट रहे हैं, हम झूठी तुष्टि के तात्कालिक लक्ष्यों का पीछा कर रहे हैं। मर्यादाएँ टूट रही हैं, नैतिक मानदंड ढीले पड़ रहे हैं। व्यक्ति केंद्रकता बढ़ रही है, स्वार्थ परमार्थ पर हावी हो रहा है। भोग की आकांक्षाएँ आसमान को छू रही हैं। गांधी जी ने कहा था कि हम स्वस्थ सांस्कृतिक प्रभावों के लिए अपने दरवाज़े-खिड़की खुले रखें पर अपनी बुनियाद पर कायम रहें। उपभोक्ता संस्कृति हमारी सामाजिक नींव को ही हिला रही है। भविष्य के लिए यह एक बड़ी चुनौती है।

(क) हमारी मानसिकता को कौन बदल रहा है? (1)

I. बर्गर-पिज़्ज़ा का उपभोग
II. जीवन स्तर की समानता
III. विज्ञापन और प्रसार तंत्र
IV. विकास के उद्देश्य

(ख) उपभोक्ता संस्कृति का क्या प्रभाव हैं? सही विकल्प का चयन कीजिए । (1)

I. परमार्थ की भावना का बढ़ना
II. वर्गों के बीच अंतर का बढ़ना
III. सांस्कृतिक अस्मिता का ह्रास होना
IV. भोग की आकांक्षाएँ बढ़ना

विकल्प :

i. कथन I और III सही है।
ii. कथन II, III और IV सही।
iii. केवल कथन II सही है।
iv. कथन I, II और III सही है।

(ग) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उचित विकल्प चुनिए: (1)

कथन (A) : उपभोक्ता संस्कृति हमारी सामाजिक नींव को ही हिला रही है।

कारण (R) : उपभोक्ता संस्कृति व्यक्ति केंद्रकता और स्वार्थ को बढ़ावा दे रही है।

i. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
ii. कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है ।
iii. कथन (A) सही है और कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या है।
iv. कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं ।

(घ) लेखक के अनुसार क्या गंभीर चिंता का विषय है? (1)

I. दिखावे की संस्कृति का फैलना
II. सीमित संसाधनों का सदुपयोग
III. विज्ञापनों की अधिकता होना
IV. समाज केन्द्रकता का बढ़ना

(ङ) गांधी जी के अनुसार, स्वस्थ सांस्कृतिक प्रभावों के लिए क्या आवश्यक है? (1)

I. दरवाज़े-खिड़की बंद रखें और अपनी बुनियाद पर कायम रहें।
II. दरवाज़े-खिड़की खुले रखें और अपनी बुनियाद पर कायम रहें।

III. दरवाज़े-खिड़की खुले रखें और विदेशी संस्कृति को अपनाते रहें।

IV. दरवाज़े-खिड़की बंद रखें और पारंपरिक संस्कृति को त्याग दें ।

**प्रश्न 8.** निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए: (3X2=6)

(क) पाठ 'दो बैलों की कथा' के आधार पर हीरा और मोती के स्वभाव में निहित दो अंतरों पर प्रकाश डालिए। (2)

(ख) 'मेरे बचपन के दिन' पाठ के आधार पर उस समय की लड़कियों की दशा को अपने शब्दों में लिखिए। (2)

(ग) 'प्रेमचंद के फटे जूते' पाठ के आधार पर प्रेमचंद के व्यक्तित्व की दो विशेषताएँ लिखिए। (2)

(घ) 'ल्हासा की ओर' यात्रा-वृतांत के आधार पर बताएँ कि किसी प्रदेश की यात्रा से हमें उस प्रदेश विशेष के बारे में क्या-क्या जानकारी मिलती हैं? (2)

**प्रश्न 9.** निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए: (5X1=5)

मानुष हौं तो वही रसखानि बसौं ब्रज गोकुल गाँव के ग्वारन।
जौ पसु हौं तो कहा बस मेरो चरौं नित नंद की धेनु मँझारन ।।
पाहन हौं तो वही गिरि को जो कियो हरिछत्र पुरंदर धारन।
जौ खग हौं तो बसेरो करौं मिलि कालिंदी कूल कदंब की डारन।

(क) प्रस्तुत पंक्तियाँ किसके द्वारा लिखी गई हैं? (1)

I. कृष्ण द्वारा
II. मानुष द्वारा
III. रसखान द्वारा
IV. गोपियों द्वारा

(ख) प्रस्तुत पंक्तियों में कवि ने क्या इच्छा व्यक्त की है? सही विकल्प का चयन कीजिए– (1)

I. नन्द की गाय के रूप में जन्म लेना चाहते हैं।
II. गोकुल के ग्वाले के रूप में जन्म लेना चाहते हैं।
III. पक्षी बनकर कदंब की डाल पर रहना चाहते हैं।
IV. कृष्ण की तरह गोवर्धन पर्वत उठाना चाहते हैं।

विकल्प:

i. कथन I और IV सही है।
ii. कथन II और III सही है।
iii. कथन I, II और III सही है।
iv. कथन II, III और IV सही है।

(ग) कथन (A) और कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प चुनकर लिखिए: (1)

कथन : कवि की भावनाएँ कृष्ण के प्रति उनकी अगाध भक्ति को दर्शाती हैं।
कारण : कवि जीवन और प्रकृति के हर रूप में कृष्ण के साथ जुड़े रहना चाहते हैं।

I. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
II. कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।
III. कथन (A) सही है और कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या है।
IV. कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

(घ) 'पाहन हौं तो वही गिरि को जो कियो हरिछत्र पुरंदर धारन।'-पंक्ति में कौन-सी घटना का उल्लेख किया गया है? (1)

I. कंस का वध करना
II. गोवर्धन पर्वत को उठाना
III. कालिया नाग का वध करना
IV. द्वारका का राजा बनना

(ङ) प्रदत्त पंक्तियों में निहित भाव है- (1)

I. भक्ति का
II. वात्सल्य का
III. वीरता का
IV. दीनता का

विकल्प :

i. कथन I सही है।
ii. कथन I और II सही है।
iii. कथन II और III सही है।
iv. कथन I और IV सही है।

**प्रश्न 10.** निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए: (3X2=6)

(क) कबीर ने जन्म और कर्म में से किसे महत्त्वपूर्ण माना है और क्यों? तर्क सहित उत्तर दीजिए। (2)

(ख) गोपियों द्वारा वर्णित कृष्ण की मुरली की धुन और मुस्कान के प्रभाव को अपने शब्दों में लिखिए। (2)

(ग) 'कैदी और कोकिला' कविता में कवि और कोकिला के बीच मौजूद दो अंतर लिखिए। (2)

(घ) मेघ रूपी मेहमान के आने से प्रकृति में होने वाले दो परिवर्तनों का उल्लेख कीजिए। (2)

**प्रश्न 11.** पूरक पाठ्य पुस्तक के निर्धारित पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए: (2X4=8)

(क) 'ईह! जब दानापुर डूब रहा था तो पटनियाँ बाबू लोग उलटकर देखने भी नहीं गए..अब बूझो!' - इस कथन द्वारा लोगों की किस मानसिकता पर चोट की गई है? (4)

(ख) उमा का पात्र शिक्षा द्वारा स्त्री सशक्तिकरण का एक उदाहरण है। 'रीढ़ की हड्डी' पाठ में आई घटनाओं के आधार पर स्पष्ट कीजिए। (4)

(ग) पाठ 'मेरे संग की औरतें' में लेखिका ने अपने घर की औरतों का वर्णन किया है। इसी तरह आप भी अपने जीवन को प्रभावित करने वाली किसी एक महिला के व्यक्तित्व का वर्णन कीजिए। (4)

**खंड-घ**

**(रचनात्मक लेखन)** **(20 अंक)**

**प्रश्न 12.** निम्नलिखित तीन विषयों में से **किसी एक** विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए: (1X6=6)

(क) सड़क दुर्घटनाएँ: कारण और रोकथाम

- भूमिका
- मुख्य कारण
- बचाव हेतु उपाय
- सरकार और जनता की भागीदारी

(ख) जीवन में अच्छे मित्रों का महत्व

- जीवन में मित्रता का महत्त्व
- अच्छे मित्र के गुण और संगति का प्रभाव
- जीवन के कठिन समय में सहायता करना
- विश्वास और भावनात्मक सहयोग की भावना

(ग) विविधता में एकता: भारत की पहचान

- विविधता का तात्पर्य
- भारतीय परिवेश की विविधता का परिचय
- एकता की महत्ता का उल्लेख
- चुनौतियाँ और समाधान

**प्रश्न 13.** (क) आप योगिता/युवराज हैं। आपकी बड़ी बहन ने बारहवीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, इस अवसर पर उनको बधाई देते हुए और भविष्य में अपने लिए मार्गदर्शन प्राप्त करने हेतु लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए। (1X5=5)

**अथवा**

(ख) आप मीनल/मिहिर हैं। आप विज्ञान क्लब की/के अध्यक्ष हैं, अपने क्लब कालांश में निर्मित विज्ञान के विभिन्न मॉडल की प्रदर्शिनी के लिए विद्यालय में विज्ञान दिवस के आयोजन हेतु प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए।

**प्रश्न 14.** (क) आप महक/मोहित हैं। पिछले सप्ताह आपने एक ऑनलाइन वेबसाइट से एक दीवार घड़ी खरीदी थी, जो अब खराब हो गई है। इस घड़ी की शिकायत और बदलाव की माँग करते हुए उपभोक्ता सेवा केंद्र को लगभग 100 शब्दों में ई-मेल लिखिए। (1X5=5)

**अथवा**

(ख) दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 100 शब्दों में लघुकथा लिखिए।
रात को चोरों का घर में आना..आपके द्वारा घर के सदस्यों की जान बचाना..बुद्धि और बहादुरी का प्रदर्शन..अखबार में नाम आना और पुरस्कार मिलना

**प्रश्न 15.** (क) अपने आस-पास की सड़कों की स्थिति सुधारने के विषय पर दो विद्यार्थियों के मध्य 80 शब्दों में संवाद लिखिए। (1X4=4)

**अथवा**

(ख) आप मानसी/मानस हैं। आप विद्यालय की 'हिंदी समिति' की/के अध्यक्ष हैं। आगामी विश्व हिंदी दिवस (10 जनवरी) पर विद्यालयी स्तर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता के विषय में सभी विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए 80 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए।